भारत सरकार

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1460

उत्तर देने की तारीख: 29.07.2025

गिहार समुदाय

1460. श्री राकेश राठौर:

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या गिहार समुदाय, जो देश के विभिन्न राज्यों में निवास करने वाली एक खानाबदोश जनजाति है और पारंपरिक रूप से शिल्प एवं वन-संबंधी कार्यों के माध्यम से अपनी आजीविका कमाती है, को कुछ राज्यों में अनुसूचित जाति और कुछ अन्य राज्यों में अनुसूचित जनजाति के रूप में वर्गीकृत किया गया है, तथा कई राज्यों में इसे ''कंजर'' कहकर संबोधित किया जाता है, जिससे उनकी भावनाएं आहत होती हैं;

(ख) क्या गिहार समुदाय के लिए कंजर शब्द का प्रयोग जाति-विशेष अपमानजनक शब्द माना जा सकता है; और

(ग) यदि हाँ, तो गिहार समुदाय की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए क्या सरकार ''कंजर'' शब्द के प्रयोग को रोकने और प्रमाण-पत्रों एवं दस्तावेजों में केवल ''गिहार'' शब्द लिखने का निर्देश जारी करने का विचार रखती है?

उत्तर

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री

(श्री रामदास आठवले)

(क) से (ग): कंजर समुदाय को छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और उत्तराखंड राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली में अनुसूचित जाति के रूप में अधिसूचित किया गया है। इस समुदाय को किसी भी राज्य या संघ राज्य क्षेत्र में अनुसूचित जनजाति के रूप में अधिसूचित नहीं किया गया है।

सरकार ने अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की सूचियों में शामिल करने, उनसे बाहर करने और अन्य संशोधनों के दावों पर निर्णय लेने के लिए तौर-तरीके निर्धारित किए हैं, जिसके तहत संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन को पूर्ण औचित्य के साथ सूचियों में संशोधन का प्रस्ताव प्रस्तुत करना अपेक्षित होता है। वर्तमान में, किसी भी राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र की ओर से 'कंजर' शब्द के स्थान पर 'गिहार' शब्द रखने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****